PUBLICATION NAME :	Dainik Aaj
EDITION :	Dehradun
DATE :	27/02/2025
PAGE :	05

ईडीआईआई द्वारा उद्यमिता पर 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित

देहरादून। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थानए अहमदाबाद का तीन दिवसीय 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन 26 फरवरी को संस्थान के परिसर में शुरू हुआ। उद्यमिता पर आधारित सम्मेलन 28 फरवरी को समापन होगा। यह सम्मेलन शोधकर्ताओंए शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ता के लिए एक मंच है ताकि वे उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययन और निष्कर्ष साझा कर सकें। सम्मेलन के दौरान 9 से अधिक देशों के विद्वानों द्वारा 148 शोध पत्र और अध्ययन प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. टी.वी. रावए फाउन्डर और चेयरमेन, टी. वी. राव लर्निंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद और भारतीय प्रबंधन संस्थानए अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा आज की गतिशील अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास और व्यावसायिक उन्नति को चलाने के लिए उद्यमिता विकास महत्वपूर्ण है। सम्मेलन को संबोधित करते हुएए डॉ. सुनील शुक्ला डायरेक्टर जनरल ईडीआईआई ने कहा द्विवार्षिक सम्मेलन लगातार दुनिया भर के शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक मंच प्रदान करता है ताकि वे अपने विचारों और नवाचारों को साझा कर सकें जो उद्यमिता की जटिलताओं को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं।